# Yearly Progress Report from April, 2021 till now of Department of Social Work & LLEE


## विश्व पर्यावरण दिवस



दिनांक 05 जून 2021 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समाज कार्य विभाग ने अपने प्रांगण में विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत महिला सफाई कर्मचारियों के साथ बरगद के पौधे को रोपा। और साथ ही साथ इन महिला सफाई कर्मचारियों ने शपथ ली की वे सभी मिलकर इस पौधे की रक्षा का संकल्प लिया, जिससे कि वातावरण को हरा–भरा और शुध्द बनाया जा सके।

## Campaign on Stand Up Against Street Harassment

दिनांक 07 जून से 25 जून 2021 तक समाज कार्य विभाग एवं सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग ने ब्रेकथ्रू संस्था के साथ मिलकर समाज कार्य के विद्यार्थियों, एस.एन. सेन बालिका पी.जी. कॉलेज एवं कानपुर विद्या मंदिर बालिका पी.जी. कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ अलग–2 दिवसों में ऑनलाइन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।




इसमें ब्रेकथ्रू संस्था के प्रशिक्षक शुभम सिंह चौहान ने बताया कि लड़कियों की सबसे बड़ी ताकत 5डी है। पहला डी डेलीगेट यानी घटना की जानकारी किसी अधिकारी को देना, दूसरा डी डिस्ट्रैक्ट यानी जिसके साथ घटना हूई हो उसका ध्यान बांटना, तीसरा डी डॉक्यूमेंट यानी घटना को रिकॉर्ड करना, चौथा डी डिले यानी हिम्मत बांधना और पांचवा डी डायइरेक्ट मतलब सीधे तौर पर रोकना।